गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद
Guru Jambheshwar University, Moradabad
(A State University of Government of Uttar Pradesh)
Contact: 05912976525, Email: gjumoffice@gmail.com

पत्रांक : गु0ज0वि0वि0मु0/प0नि0/2026/1339 दिनांक : 05.11.2026

कार्यालय ज्ञाप

एतद्द्वारा सर्वसम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद से सम्बद्ध महाविद्यालयों के मुख्य परीक्षा वर्ष 2026–2027 के एन0ई0पी0 2020 से आच्छादित सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर एवं सामान्य सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत अन्य पाठ्यक्रमों **(एलएल0बी0, बी0ए0एलएल0बी0 एवं एलएल0एम0 को छोड़कर)** के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के कोर्स सेलेक्शन तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के बेक पेपर के आवेदन पत्र दिनांक 06.11.2026 से समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन भरवाये जायेंगेः–

1. कोर्स सेलेक्शन एवं परीक्षा फार्म ऑनलाईन उपलब्ध होने की तिथि – 06.11.2026
2. छात्र/छात्राओं द्वारा कोर्स सेलेक्शन/परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि – 17.11.2026
3. छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म महाविद्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि – 18.11.2026
4. महाविद्यालय द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र सत्यापित करने की अन्तिम तिथि – 20.11.2026

कोर्स सेलेक्शन एवं परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की बेबसाईट **www.gjum..ac.in** एवं **https://gjum.samarth.edu.in/index.php/site/login** पर उपलब्ध होंगे। **प्रथम सेमेस्टर के समस्त अर्ह छात्र/छात्रायें कोर्स सेलेक्शन एवं विषय का चयन सावधानी पूर्वक करें तथा कॉलेज स्तर पर भी फॉर्म सत्यापित करते समय जो विषय महाविद्यालय में संचालित नहीं है अथवा छात्र द्वारा गलत विषय का चयन कर लिया गया है तो उसको महाविद्यालय स्तर पर छात्र से सम्पर्क करते हुए सही विषयों के साथ ही फॉर्म सत्यापित करें बाद में किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा।** परीक्षा फार्म निर्धारित तिथि तक भरकर अपने महाविद्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। छात्र/छात्रायें निर्धारित परीक्षा शुल्क डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग इत्यादि माध्यम से जमा कर सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि अनुदानित महाविद्यालयों में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों/विषयों के अन्तर्गत लिया जाने वाला विकास शुल्क रू0 500/–समर्थ टीम द्वारा ऑनलाईन लिये जाने में असमर्थता व्यक्त किये जाने के कारण सम्बन्धित अनुदानित महाविद्यालयों द्वारा अपने छात्रों से एकत्र कर एकमुश्त बैंक ड्राफ्ट (जो वित्त अधिकारी, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के पदनाम से देय हो) के माध्यम से विश्वविद्यालय में जमा करना होगा।

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या यह सुनिश्चित कर लें कि उनके महाविद्यालय में जिन पाठ्यक्रमों/विषयों की मान्यता सत्र 2026–27 हेतु प्राप्त है, उन्हीं पाठ्यक्रमों/विषयों में परीक्षा फार्म सत्यापित करें। यदि किसी महाविद्यालय द्वारा बिना मान्यता/सम्बद्धता प्राप्त पाठ्यक्रमों/विषयों में परीक्षा फार्म सत्यापित किया जाता है तो इसके लिए संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य/प्राचार्या उत्तरदायी होंगे।

कृपया उपरोक्तानुसार आवेदन पत्र सत्यापित किये जाने के उपरान्त परीक्षा आवेदन पत्रों की सत्यापित सूची एवं विकास शुल्क का बैंक ड्राफ्ट, जो वित्त अधिकारी, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के पदनाम से देय होगा, दिनांक 25.11.2026 तक विश्वविद्यालय में जमा कराया जाना सुनिश्चित करें।

समस्त महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन सत्यापित कर उसकी हार्ड कापी अपने पास सुरक्षित रखना आवश्यक है जिसकी आवश्यकता पड़ने पर विश्वविद्यालय की मॉग पर प्रस्तुत करना होगा।

परीक्षा नियंत्रक

गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद
Guru Jambheshwar University, Moradabad
(A State University of Government of Uttar Pradesh)
Contact: 05912976525, Email: gjumoffice@gmail.com

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वित्त अधिकारी, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद को इस अनुरोध सहित प्रेषित कि कृपया उपरोक्तानुसार अनुदानित महाविद्यालयों के बैंक ड्राफ्ट जमा कराने का कष्ट करें।
2. कुलसचिव, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद ।
3. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. डा0 सुनील कुमार पवार, नोडल आफिसर, समर्थ ई0आर0पी0, गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
5. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय को अनुरोध सहित प्रेषित कि वे अपने महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को नामांकन संख्या (Enrollment No.) प्रदान करते हुए अपने स्तर से भी छात्र/छात्राओं को सावधानीपूर्वक कोर्स सेलेक्शन करने एवं तदुपरान्त परीक्षा फार्म भरकर उनके महाविद्यालय में जमा करने हेतु सूचित करने तथा उनके महाविद्यालय में सत्र 2026–27 हेतु मान्यता/सम्बद्धता प्राप्त पाठ्यक्रमों/विषयों के परीक्षा फार्म सत्यापित किया जाना सुनिश्चित करने कष्ट करें।
6. डा0 धर्मेन्द्र यादव, बेवसाइट प्रभारी, गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
7. सम्पादक, प्रमुख समाचार पत्रों को इस अनुरोध सहित प्रेषित कि उक्त सूचना छात्रहित/जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक